# कुलसचिव कार्यालय

## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

(नैक द्वारा ए++ ग्रेड प्रत्यायित)

संदर्भ संख्या :........................../सम्ब.अनु./2025

दिनांक :...............................................

**रजिस्टर्ड/स्पीडपोस्ट/व्यक्तिगत**

## कार्यालय–ज्ञाप

उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार विगत वर्षों की भाँति ही अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (All India Survey on Higher Education) कार्य वर्ष **2023–24** को पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशानुक्रम में समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को **अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण कार्य वर्ष 2023–24 का डाटा अपलोड किये जाने हेतु** निर्देशित किया गया था। किन्तु अद्यतन अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा **संदर्भित डाटा अपलोड किये जाने** की कार्यवाही पूर्ण नहीं की गई है, जो अत्यन्त खेदजनक स्थिति है।

अतः जिन महाविद्यालयों द्वारा अब तक डाटा अपलोड नहीं किया गया है उन्हें निर्देशित किया जाता है कि अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण कार्य वर्ष **2023–24** का **डाटा अपलोड किये जाने की कार्यवाही इस पत्र के निर्गत होने की तिथि से तीन कार्य दिवसों में प्रत्येक दशा में पूर्ण करने का कष्ट करें** अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय के विरूद्ध उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 एवं लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली के प्राविधानान्तर्गत कार्यवाही यथा–सहयुक्तता समाप्त किये जाने की कार्यवाही, प्रवेश प्रतिबन्धित करने की कार्यवाही, प्रवेश क्षमता में कमी की कार्यवाही अथवा प्रवेशित विद्यार्थियों की परीक्षाएं विश्वविद्यालय द्वारा नहीं कराये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ की जा सकती है जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय के प्रबन्धतंत्र, प्राचार्य/प्राचार्या का होगा। इस कार्य हेतु किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए विश्वविद्यालय के समन्वयक–एआईएसएच **डॉ0 पुनीत मिश्रा, मो0 नं0 : 7991200541** से सम्पर्क कर जानकारी/समस्या का निराकरण प्राप्त किया जा सकता है।

(विद्या नन्द त्रिपाठी)
कुल सचिव

संख्या : AF- 2078-83　　　　दिनांक : 31|01|25

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सम्बन्धित सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने व विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, आशियाना, लखनऊ।
4. डॉ0 पुनीत मिश्रा, कोआर्डीनेटर, एआईएसएच, कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0।
5. प्रबन्धक/प्राचार्य, सम्बन्धित सहयुक्त महाविद्यालय, ल0वि0वि0 को अनुपालनार्थ।
6. उप कुलसचिव (सा0प्र0)।
7. गार्ड फाईल।

31.1.2025

(विद्या नन्द त्रिपाठी)
कुलसचिव

Latter-pad. aish